स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

<u>प्रेस नोट संख्या:229, दिनांकः 01-08-2024</u>

अर्न्तराज्यीय स्तर पर अग्निवीर/आर्मी भर्ती के मेडिकल में पास कराने व मेरिट में नाम बढवानें का लालच देकर ठगी करने वाले गैंग के 02 सदस्य जनपद आगरा से गिरफ्तार।

दिनांक 31-07-2024 को एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को जनपद आगरा से अर्न्तराज्यीय स्तर पर अग्निवीर/आर्मी भर्ती के मेडिकल में पास कराने व मेरिट में नाम बढवाने का लालच देकर ठगी करने वाले गैंग के 02 शातिर सदस्य को गिरफ्तार करने मे उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-</u>

1- ओमकार सिंह पुत्र होरीलाल सिंह, निवासी ग्राम करवना, थाना ताजगंज, कमिश्नरेट आगरा
2- दुष्यन्त उर्फ विष्णु पुत्र लाखन सिंह, निवासी मदनई, थाना सादाबाद, जिला हाथरस।

<u>बरामदगीः-</u>

1-02 अदद हाइस्कूल की मार्कशीट। (मूल व छायाप्रति)
2-02 अदद इण्टर का मार्कशीट। (मूल व छायाप्रति)
3-02 अदद मूल निवास प्रमाणपत्र। (मूल व छायाप्रति)
4-02 अदद पिछडी जाति का प्रमाणपत्र। (मूल व छायाप्रति)
5-02 अदद मोटर साइकिल न0-यू0पी0 80 जी0यू0-9533 व यू0पी0 86 ए0यू0-4429
6-02 अदद मोबाइल फोन।
7-01 अदद एनसीसी ,सी प्रमाणपत्र।
8-250/-रू0 नगद।

<u>गिरफ्तारी का स्थान व समयः-</u>दिनांक 31.07.2024, स्थानः थाना न्यू आगरा,कमिश्नरेट आगरा क्षेत्रार्न्तगत भगवान टॉकिज चौराहे के पास समय 23.15 बजे।

एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश को विगत काफी दिनों से अर्न्तराज्यीय स्तर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ व अग्निवीर/आर्मी भर्ती के मेडिकल में पास कराने व मेरिट में नाम बढवाने के नाम पर ठगी करने वाले गैंग के सक्रिय होने के सम्बन्ध में सूचनायें प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री राकेश, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, आगरा के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन व आर्मी इन्टेलीजेंस लखनऊ द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि, जनपद आगरा में अग्नीवीर भर्ती परीक्षा प्रचलित है जिसमें कुल दलाल/ठगी करने वाले गैंग सक्रिय है जो अग्नीवीर भर्ती में आने वाले युवको जो मेडीकल,मेरिट व अन्य कमियां होने पर अनफिट हो जाते है इस प्रकार के युवको से मेरिट में नाम बढवाने/मेडीकल में पास कराने आदि प्रभोलन देकर पैसो की मांग कर रहे है उक्त गैंग के सदस्य भगवान टॉकिज चौराहे पर खडे है । इस सूचना के आधार पर नि0 यतीन्द्र शर्मा, मु0आ0 अरविन्द सिंह, मु0आ0 पष्पेन्द्र सिंह, मु0आ0 प्रदीप यादव ,आरक्षी हरपाल सिंह, मय टीम थाना न्यू आगरा कमिश्नरेट आगरा पुलिस से सूचना साझा कर साथ लेकर तत्काल बताये गये स्थान पर पहुँचकर पहचान तस्दीक होने एक बारगी दविश देकर 02 अभियुक्तों को पकड़ लिया जिनसे उपरोक्त बरामदगी हुई।

गिरफ्तार अभियुक्तो ने पूछताछ में बताया कि कपिल, नीरज, आदेश इनसे अग्निवीर अभ्यर्थियों के मूल प्रपत्र एकट्ठे कराते है इसके एवज में इन्हे कुछ हजार रूपये मिलते है। और ये लोग सेना/अग्निवीर भर्ती में भर्ती होने वाले अभ्यर्थियों से सम्पर्क करके उनको मेडिकल व मेरिट में नाम बढ़ाने के नाम पर अभ्यर्थियों से 7–8 लाख रूपये लेने की बात करते है पहले अभ्यर्थियो से मूल प्रमाण पत्र ले लेते है काम होने के बाद पैसे लेते है इन दोनों के साथी कपिल गूजर पुत्र कुवंर पाल ग्राम पूठा हस्तिनापुर मेरठ जिसकी कपिल हार्डवेयर की दुकान है, नीरज सिंह निवासी ट्रान्सपोर्ट नगर गोल चक्कर पार्क के पास चौकी क्षेत्र भूड़ कोतवाली देहात बुलन्दशहर, व आदेश सिंह निवासी उपरोक्त जिनको यह लोग मूल प्रमाण पत्र भेज देते है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्व थाना न्यूआगरा कमिश्नरेट आगरा, पर मु0अ0सं0 286/2024 धारा–318(4),61(2) भारतीय न्याय संहिता का अभियोग पंजीकृत कराकर दाखिल किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना स्तर पर की जा रही है। अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।